जी. एल. बजाज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, मथुरा

दिनांक : 07.07.2015

नोटिस

महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिनके माता/पिता/अभिभावक की वार्षिक आय 2,00,000 रुपये से कम है और वह उत्तर प्रदेश के निवासी है। वे समाज कल्याण विभाग द्वारा शुल्क की प्रतिपूर्ति व छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए नवीनतम फार्म को शुल्क प्रतिपूर्ति की बेबसाइट (scholarship.up.nic.in) पर उपलब्ध Link के माध्यम से भरकर दिनांक: 10.08.2015 तक कार्यालय में निम्न प्रपत्रों के साथ जमा करें–

1. आय प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
2. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
3. निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
4. विगत वर्ष प्राप्त छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति का प्रमाण।
5. संस्थान में जमा की गयी शुल्क के प्रमाण स्वरूप रसीद की छायाप्रति।
6. हाई स्कूल के अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति।
7. पिछली परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र।
8. बैंक पासबुक की छायाप्रति।

नोट– 1. आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र का विवरण बेबसाइट **bor.up.nic.in** पर उपलब्ध हो, मान्य किये जायेंगे।

डॉ. मीनू गुप्ता
निदेशक

वर्ष 2015–16 में ऑनलाइन दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन के नवीनीकरण के लिये विशेष निर्देश

1. वर्ष 2014–15 में ऑनलाइन आवेदन करने वाले छात्र/छात्रा जिन्हें जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति स्वीकृत हुई है, तथा उनका कोर्स एक वर्ष से अधिक का है, को **नवीनीकरण** के लिए निर्धारित प्रारूप पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर आवेदन करना होगा।
2. **बैंक खाते में छात्र/छात्रा का नाम हाईस्कूल प्रामाण पत्र** के अनुसार ही होना चाहिये।
3. नवीनीकरण के लिये छात्र/छात्रा को मुख्य पृष्ठ पर दिये गये **दशमोत्तर छात्र/छात्रायें नवीनीकरण** के अन्तर्गत **रजिस्ट्रेशन करें** आप्शन से रजिस्ट्रेशन करना होगा। तत्पश्चात् एक नयी स्क्रीन पर गत वर्ष की रजिस्ट्रेशन संख्या, जन्मतिथि एवं मोबाईल नम्बर टाइप करना होगा तथा सबमिट बटन पर क्लिक करना होगा। तत्पश्चात् वर्ष 2015–16 के लिये नया रजिस्ट्रेशन संख्या प्रदर्शित हो जायेगा। अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु आपके द्वारा दिये गये मोबाईल नम्बर पर पासवर्ड आटोमेटिकली प्रेषित हो जायेगा।
4. पासवर्ड प्राप्त होने के बाद आप मुख्य पृष्ठ पर **दशमोत्तर छात्र/छात्राये नवीनीकरण** के अन्तर्गत **आवेदन हेतु लागिन करें** आप्शन से अपना इस वर्ष की रजिस्ट्रेशन संख्या, जन्मतिथि व मोबाईल नंबर पर प्राप्त पासवर्ड से लागिन करें। तत्पश्चात् एक नये पेज पर आपका विवरण प्रदर्शित हो जायेगा जिसकी सहायता से आप अपना नवीनीकरण आवेदन को अपडेट करते हुये सबमिट बटन की सहायता से संरक्षित **(SAVE)** करेंगे। तत्पश्चात् छात्र/छात्रा दिये गये आप्शन का प्रयोग करते हुये आनलाइन आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट निकाल कर अपने संस्था में जमा करेंगे।